आज ही के दिन सचिन ने खेला था पहला टेस्ट

सस्ते में हुए आउट, फिर बना गए कभी ना टूटने वाले 2 रिकॉर्ड

मुंबई 15 नवम्बर (ए)।भारतीय क्रिकेट टीम को आज ही के दिन (15 नवंबर) सचिन तेंदुलकर के रूप में ऐसा खिलाड़ी मिला जिसने दुनियाभर से वाहवाही लूटी। सचिन ने इस दिन पाकिस्तान के खिलाफ 1989 में अपना पहला टेस्ट खेला था। हालांकि वह सस्ते में आउट हो गए लेकिन इसके बाद उन्होंने इस फॉर्मेट में ऐसे 2 बड़े रिकॉर्ड कायम कर दिए जिनका टूटना मुश्किल है।

मात्र 15 रन बनाकर लौटे पवेलियन

कराची स्टेडियम में सचिन पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट खेलने उतरे। जब वह मैदान पर आए तो उनकी उम्र महज 16 साल थी। उन्हें देख सब हैरान थे किन छोटी उम्र का बच्चा तेज गेंदबाजों का कैसा सामना करेगा। सचिन पहली पारी में 24 गेंदों का सामना करके 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वकार यूनिस ने आउट किया। यह मैच ड्रा पर समाप्त हुआ था। पाकिस्तान ने पहली पारी में 409 और भारत ने 262 रन बनाए। दूसरी पारी में 305 रनों पर पारी घोषित की और भारत को 453 रनों का लक्ष्य दिया। लगा कि भारत हार जाएगा लेकिन संजय मांजरेकर के नाबाद 113 और नवजोत सिद्धू के 85 रनों की बदौलत भारत के आखिरी दिन तक 3 विकेट पर 303 बन गए और पाकिस्तान जीतने से चूक गया।

फिर बन गए कभी ना टूटने वाले 2 रिकॉर्ड

सचिन भले ही पहले टेस्ट में कमाल ना दिखा पाए लेकिन इसके बाद उन्होंने जो किया उससे हर कोई वाकिफ है। सचिन ने 200 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 53.79 की औसत से 15,921 रन बनाए हैं जो किसी बल्लेबाज द्वारा टेस्ट में बनाए गए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं है। यहां तक की मौजूदा समय भी कोई भी खिलाड़ी उनके आसपास टिकता नजर नहीं आ रहा। वहीं दूसरा रिकॉर्ड है शतकों का। सचिन टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 51 शतक हैं और उनके इस गजब रिकॉर्ड को तोड़ पाना भी किसी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं है। उनके बाद साउथ अफ्रीका के जैस कैलिस ही हैं जो 45 शतक बना पाए। वहीं मौजूदा में हाशिम अमला 28 और विराट कोहली 24 शतक लगा चुके हैं लेकिन इनके बस में भी सचिन के शतकों का रिकॉर्ड तोड़ना नहीं है।

सरजमीं पर बनाए ज्यादा रन

5 फुट 5 इंच के सचिन ने अपनी सरजमीं पर 103 मैच खेलकर 54.75 की औसत से 8705 रन बनाए जिसमें 29 शतक और 36 अर्धशतक लगाए। वहीं विदेशी धरती पर भी मास्टर ब्लास्टर का बल्ला खूब गरजा है। उन्होंने बाहरी पिचों पर खेले 94 मैचों में 52.67 औसत से 7216 रन बनाए जिसमें 22 शतक और 32 अर्धशतक भी रहे।

मुझे नहीं लगता मौजूदा भारतीय टीम उन टीमों से बेहतर

जिनके खिलाफ मैं खेला : स्टीव वॉ

सिडनी 15 नवम्बर (ए)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा है कि वह सुनिश्चित नहीं हैं कि क्या विराट कोहली की अगुआई वाली मौजूदा भारतीय टीम पूर्व की उन टीमों से बेहतर हैं जिनके खिलाफ वह अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान खेले।

वॉ भारतीय कोच रवि शास्त्री के उस बयान के संदर्भ में कह रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि मौजूदा भारतीय टीम पिछले 15 साल में देश की सर्वश्रेष्ठ टीम है। वॉ ने एक साक्षात्कार में कहा, 'देखिए, मैं भारत की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेला हूं और मैं सुनिश्चित नहीं हूं कि मौजूदा टीम उन टीमों से बेहतर है जिनके खिलाफ मैं खेला।' वैसे मेरे हिसाब से अब तक का सर्वश्रेष्ठ टीम सौरव गांगुली की टीम थी। उसके वक्त के क्रिकेट का मजा ही कुछ और था। अफसोस आज के क्रिकेट में वो देखने को नही मिलता। वॉ ने कहा कि इस तरह के बयान से बचना चाहिए क्योंकि इससे टीम पर दबाव बनता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'मैं सुनिश्चित नहीं हूं लेकिन संभवत: ऐसा कहना बहुत अच्छी चीज नहीं है, क्योंकि इससे टीम पर अतिरिक्त दबाव बनता है। एक बार अगर वे हारने लगें तो उनकी इसके लिए काफी आलोचना होने लगती है। देखिए, यह अच्छी बात है कि रवि शास्त्री को अपनी टीम पर विश्वास है, लेकिन इस तरह की टिप्पणियां अपने तक रखी जा सकती हैं।'

वॉ ने कहा कि हाल के समय की समस्याओं के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा,'ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराना मुश्किल होगा। हमारा गेंदबाजी आक्रमण विश्व क्रिकेट की किसी भी टीम जितना अच्छा है और हम विकेट हासिल कर सकते हैं। अगर हम बल्लेबाजी में पहली पारी में 350 रन बना लेते हैं तो मुझे लगता है कि हमें हराना काफी मुश्किल होगा। कोई ना कोई दूसरे खिलाड़ी की जगह आकर अच्छा प्रदर्शन करता है, यह खेल की प्रकृति है।' वॉ ने छह दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के संदर्भ में कहा, 'मुझे भरोसा है कि हम ऑस्ट्रेलिया में जीत सकते हैं लेकिन यह करीबी सीरीज होगी।' लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए वॉ ने भी बाकी लोगों की तरह कोहली की तारीफ की और उनकी तुलना ब्रायन लारा और सचिन तेंडुलकर से की।

उन्होंने कहा, 'वह दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्हें बड़े लम्हें पसंद हैं। वह तेंडुलकर और लारा की तरह हैं। वह बड़े लम्हों का इंतजार करते थे और यहीं वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते थे।

हांगकांग ओपन में

श्रीकांत ने एस प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

कोलून 15 नवम्बर (ए)। चौथी वरीय भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को हमवतन एच एस प्रणय को कड़े संघर्ष में पराजित करने के बाद पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। पुरुष एकल के दूसरे दौर में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आठवीं रैंक श्रीकांत ने एक घंटे सात मिनट तक चले संघर्ष के बाद 18-21, 30-29, 21-18 से मैच जीतने में कामयाब रहे।

चौथी वरीय श्रीकांत और गैर वरीय प्रणय के बीच करियर का यह पांचवां मुकाबला था। प्रणय हमवतन श्रीकांत को एकमात्र बार सात वर्ष पूर्व 2011 में इंडिया ओपन में ही हरा सके हैं। इस जीत से श्रीकांत ने प्रणय के खिलाफ अपना रिकार्ड 4-1 कर लिया है।रोमांचक मुकाबले में प्रणय ने पहला गेम जीतकर विजयी शुरूआत की थी लेकिन 15-15 की बराबरी के बाद लगातार अंक लेकर 21-18 से गेम जीता। उन्होंने तीन गेम प्वाइंट जीतकर पहला गेम जीता। लेकिन फिर इस लय को जारी नहीं रख सके और दूसरा गेम दोनों के बीच टक्कर का रहा जिसमें 6-6, 10-10,16-16, 19-19 पर एक दूसरे को पकड़ा।

पंकज आडवाणी का बड़ा कारनामा

जीता 20वां विश्व खिताब

यांगून 15 नवम्बर (ए)। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने गुरुवार को 150-अप प्रारूप में अपना लगातार तीसरा आईबीएसएफ बिलियर्ड्स खिताब जीता जिससे उनके कुल विश्व खिताबों की संख्या 20 हो गई। बेंगलुरू के 33 साल के आडवाणी ने बेस्ट रोमांचक फाइनल में म्यामां के नाय ध्वाय ओ को हराया।

आडवाणी 150-अप प्रारूप में खिताब के तुरंत बाद अब लंबे प्रारूप में भी हिस्सा लेंगे। आडवाणी ने फाइनल में 6-2 (150-21, 0-151, 151-0, 4-151, 151-11, 150-81, 151-109, 151-0) से जीत दर्ज की। उन्होंने सेमीफाइनल में डेविड कोजिंग को 5-0 (150-73, 152-17, 152-8, 151-4, 157-86) से हराया था। मेजबान देश के लिए भी यह गौरवपूर्ण लम्हा रहा क्योंकि उसका खिलाड़ी पहली बार खिताबी मुकाबले में खेला। नाय ध्वाय ओ ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बार के चैंपियन माइक रसेल को 5-2 से शिकस्त दी थी। आडवाणी ने खिताब जीतने के बाद कहा,'यह जीत मेरे लिए बेहद विशेष है। यह परफेक्ट 20 है और मुझे खुशी है कि मैं और खिताब जीतने का भूखा हूं। यह सुखद है कि मैं क्यों से शीर्ष स्तर पर खेलने में सक्षम हूं।' छोटे प्रारूप में यह आडवाणी की खिताबी हैट्रिक है। आडवाणी ने 2016 में अपने गृहनगर बेंगलुरू और फिर पिछले साल दोह में भी यह खिताब जीता था।

...तो आईपीएल 2019 में नहीं दिखेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, फीका पड़ेगा रोमांच

नईदिल्ली 15 नवम्बर (ए)। भारत में टी20 क्रिकेट की तर्ज पर पिछले 11 सालों से चलते आ रहे आईपीएल टूर्नामेंट का 12 सीजन फीका पड़ सकता है। आईपीएल को सबसे बड़ा खतरा आने वाले आम चुनावों और वर्ल्ड कप से है। चुनाव की तारीख अभी तक तय नहीं है, ऐसे में आईपीएल की डेट तय करना काफी मुश्किल हो गया है। वहीं वर्ल्ड कप भी 30 मई से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में विदेशी टीमों ने अपने खिलाड़ियों को जल्द इस लीग से फ्री करने के लिए कहा है। क्योंकि वे अपनी टीम को इस अहम टूर्नामेंट से पहले रेस्ट देना चाहते हैं। इसी के मध्य नजर रखते हुए ऑस्ट्रेलिय क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने खिलाड़ियों को आईपीएल 2019 में शामिल ना करने का फैसला लिया है।

बोर्ड के लिए वर्ल्ड कप है जरूरी-आईपीएल टूर्नामेंट हर साल आयोजित किया जाता है। वहीं क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट वर्ल्ड कप 4 साल बात आता है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया बोर्ड ने आईपीएल को ज्यादा अहमियत ना देते हुए वर्ल्डकप की ओर ध्यान देना जरूरी समझा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने स्पष्ट कर दिया है कि गत चैंपियन टीम के लिए विश्व कप प्राथमिकता है और आईपीएल में खेलने की स्वीकृति हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को अपनी शेफील्ड शील्ड और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता पूरी करनी होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने साथ ही कहा कि विश्व कप के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों को मई की शुरुआत में टूर्नामेंट पूर्व शिविर में भी हिस्सा लेना होगा जिसका मतलब हुआ कि वे आईपीएल के अंतिम दो से तीन हफ्तों से बाहर रह सकते हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया की अंतरिम ईजीएम टीम परफोर्मेंस बेलिंडा क्लार्क ने कहा, ''यह मुश्किल समय है क्योंकि क्रिकेट विश्व कप के कारण आईपीएल की तारीखों को आगे खिसकाया गया है और यह हमारे घरेलू सत्र से टकरा रहा है।''

शेफील्ड शील्ड से टकराएगा आईपीएल शेड्यूल-लुभावनी टी20 लीग आईपीएल की शुरुआत इस बार निर्धारित समय से पहले होगी जिससे कि खिलाड़ियों को 30 मई से इंग्लैंड में शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप से पहले आराम और तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके।

हमारी प्राथमिकता पूल में शीर्ष पर रहना और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना - मनप्रीत

भुवनेश्वर 15 नवम्बर (ए)। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा है कि उनकी टीम का ध्यान 28 नवंबर से यहां शुरू हो रहे पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने पूल के शीर्ष में रहने और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर है। प्रतिष्ठित विश्व कप के आयोजन में अब जब दो हफ्ते से भी कम का समय बचा है तब भारत टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में व्यस्त है। दुनिया की 16 शीर्ष टीमों के बीच विश्व कप यहां कलिंग स्टेडियम में खेला जाएगा। मनप्रीत ने कहा,'इसमें कोई शक नहीं कि हम पूल चरण में प्रत्येक मैच जीतना चाहते हैं, प्रत्येक मैच से तीन अंक हासिल करना चाहते हैं और पूल में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना चाहते हैं। यह हमारा पहला लक्ष्य है।' उन्होंने कहा, 'यह विश्व कप है और प्रत्येक टीम इसे जीतने के इरादे से आएगी और हम किसी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहते फिर चाहे वह दक्षिण अफ्रीका, कनाडा हो या दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम! शुरू सी में मौजूदा भारत 28 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा जबकि दो दिसंबर को बेल्जियम के खिलाफ उतरेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग का आकर्षण होंगे डिविलियर्स

केपटाउन 15 नवम्बर (ए)। एबी डिविलिर्स दक्षिण अफ्रीका की पहली शहर आधारित टी20 लीग का आकर्षण होंगे। मजान्सी (दक्षिण अफ्रीका) सुपर लीग के पहले मैच में डिविलिर्स शुक्रवार को केपटाउन ब्लिट्ज के खिलाफ तशवेन स्पार्टन्स की अगुआई करेंगे। एक महीने तक चलने वाली यह लीग आधिकारिक लांच के एक महीने के अंदर शुरू हुई है और वह भी टाइटिल प्रायोजक के बिना। इस लीग में इस बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की संख्या भी कम है क्योंकि कुछ बड़े खिलाड़ियों की पूर्व प्रतिबद्धताएं थी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए चार करोड़ रैंड (28 लाख डालर) के नुकसान का अनुमान लगाया है। इस लीग पर सबसे पहले 2017 में विचार किया गया था लेकिन टेलीविजन करार या मुख्य प्रायोजक नहीं मिलने पर इसे रद्द कर दिया गया। इसके कारण एक करोड़ 40 लाख डालर का नुकसान हुआ और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हारून लोर्गट को इस्तीफा देना पड़ा। पैसे की तंगी से जूझ रहा राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एसएबीसी इस टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा। फ्री ट् एयर कवरेज के कारण क्रिकेट की लोकप्रियता में इजाफा होने की उम्मीद है। सीएसए को हालांकि भारी भरकम प्रसारण फीस मिलने की उम्मीद नहीं है। टाइटिल प्रयोजन के अलावा छह टीमों में से भी किसी ने बड़े प्रायोजक की घोषणा नहीं की है।

फुटबॉलर आदिल रमी से सुलह कर मैच देखने पहुंची प्लेब्वॉय गर्ल पामेला एंडरसन

वाशिंगटन 15 नवम्बर (ए)। फुटबॉलर आदिल रमी एक बार फिर से खुश हो सकते हैं क्योंकि उनकी प्रेमिका और प्लेब्वॉय पत्रिका की मशहूर बन्नी रहीं पामेला एंडरसन दोबारा उनकी जिंदगी में लौट आई हैं। बीते महीने आदिल की एक गलती के कारण उनका पामेला से ब्रेकअप हो गया था। लेकिन अब लगता है दोनों में सुलह हो गई है। मासिले क्लब की ओर से खेल रहे आदिल ने बीते दिनों जब एक मैच में अपनी टीम की ओर से गोल किया तो उनके लिए दर्शक दीर्घा में बैठी पामेला ने खूब तालियां बजाई थीं। पामेला ने आदिल को फ्लाइंग किस भी दिया। जिसकी फोटोज सोशल साइट्स पर वायरल हो गईं।बीते महीने दोनों में ब्रेकअप की खबरें आ गई थी। बताया गया कि आदिल पामेला से अपने रिश्ते को लेकर सीरियस हो गए थे। इसी बीच उन्होंने पामेला को शादी के लिए प्रपोज कर दिया। क्योंकि पामेला चौथी शादी करने के लिए तैयारी नहीं थी। ऐसे में उन्होंने आदिल को मना कर दिया। प्रपोज रिजैक्ट होने से परेशान आदिल कई दिन तक मीडिया के सामने नहीं आए थे। लेकिन अब दोबारा आदिल के मैच में पामेला के दिखने के बाद यह कयास और भी तेज हो गए हैं कि दोनों के बीच सुलह हो गई हैबता दें कि पामेला ने फीफा विश्व कप के दौरान भी फ्रांस की ओर से खेल रहे आदिल का जमकर उत्साह बढ़ाया था। आदिल शुरू से ही पामेला की खूबसूरती के दीवाने रहे हैं। उन्होंने पामेला को एक पार्टी के दौरान तारीफें कर इंप्रैस किया था।